(i) विजन व मिशन वक्तव्य
(ii) संगठन द्वारा किये गये कारोबार के ब्यौरें
(iii) ग्राहकों के ब्यौरें
(iv) प्रत्येक ग्राहक समूह को उपलब्ध कराई गई सेवाओं के ब्यौरें
(v) शिकायत निवारण तंत्र तथा उस तक पहुंचने के ब्यौरे
(vi) ग्राहकों से प्रत्याशाएं

219. राजस्थान को एनीमिया मुक्त करने के लिए हर सप्ताह का कौन सा दिन 'शक्ति दिवस' के रूप में आयोजित किया जायेगा?

(a) शनिवार (b) मंगलवार
(c) बुधवार (d) सोमवार

RPSC Librarian Gr-III 11-09-2022 Shift-I

Ans. (b) : राजस्थान को एनीमिया मुक्त बनाने के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, अन्य विभागों के साथ मिलकर हर सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को 'शक्ति दिवस' के रूप में आयोजित किया जाएगा। इस अभियान के तहत बच्चों, महिलाओं व किशोरियों में एनीमिया की दर कम करने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

220. ताराभाँति के टीले पाये जाते हैं-

(a) गंगानगर -हनुमानगढ़ (b) बालोतरा - फलोदी
(c) मोहनगढ़ - सूरतगढ़ (d) पोखरण - लूणकरणसर

RPSC Librarian Gr-III 11-09-2022 Shift-I

Ans. (c) : ताराभांति के टीले मोहनगढ़ (जैसलमेर), और सूरतगढ़ (गंगानगर) में पाये जाते हैं। इनकी अनेक भुजाएँ होती है। अवरोधी टीले में रेत सहित भाग को 'क्वेस्टा' कहते हैं।

221. निम्नलिखित में से कौन प्रक्रम राजस्थान में रेगिस्तानीकरण का प्रमुख कारण है?

(a) जल अपरदन (b) वायु अपरदन
(c) लवणीकरण (d) वनस्पति अवनयन

RPSC Prayogshala Sahayak (Vigyan) 28-06-2022

Ans. (b) : राजस्थान में रेगिस्तानीकरण का सबसे प्रमुख कारण वायु अपरदन है। राज्य में शुष्क जलवायु के कारण तेज आंधियाँ एवं तूफान चलता है जो रेगिस्तान के निर्माण के प्रमुख कारकों में से एक है।

222. 2022 में, मेहरानगढ़ में जोधपुर का ______ स्थापना दिवस समारोह मनाया गया।

(a) 564 वाँ (b) 568 वाँ
(c) 554 वाँ (d) 558 वाँ

RPSC Prayogshala Sahayak (Vigyan) 28-06-2022

Ans. (a) : राव जोधा द्वारा 1459 में स्थापित किये गये जोधपुर शहर के 564वें स्थापना दिवस का आयोजन 12 मई 2022 को जोधपुर के मेहरानगढ़ दुर्ग में किया गया।

223. नारी शक्ति पुरस्कार, 2022 के निम्नलिखित विजेताओं में से कौन राजस्थान से है?

(a) पूजा शर्मा (b) अंशुल मल्होत्रा
(c) बतुल बेगम (d) नीरजा माधव

RPSC Prayogshala Sahayak (Vigyan) 28-06-2022

Ans. (c) : जयपुर, राजस्थान की प्रसिद्ध लोक संगीत गायिका बतूल बेगम को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर, 2021 के नारी भक्ति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। बतूल बेगम ने 'मांड और भजन लोकसंगीत को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्धि दिलायी है।

224. वर्तमान राजस्थान के कौन से क्षेत्र महाभारत काल में जांगल देश के नाम से जाने जाते थे?

(a) उदयपुर-डंगरपुर (b) बीकानेर-जोधपुर
(c) बांसवाड़ा-प्रतापगढ़ (d) जलवर - भरतपुर

RPSC Computer Exam-2018 Date 07-10-2022

Ans. (b) : वर्तमान में राजस्थान के बीकानेर और जोधपुर के क्षेत्र को महाभारत काल में जांगल देश के नाम से जाना जाता था। बीकानेर राज्य के राज्य चिन्ह में जय जंगलधर बादशाह लिखा मिलता है। इसकी राजधानी अहिछत्रपुर थी जिसे वर्तमान में नागौर कहते हैं।

225. महाराणा मेवाड़ चेरिटेबल फाउडेंशन उदयपुर द्वारा कर्नल जेम्स टॉड अवार्ड 2018 किसे प्राप्त हुआ?

(a) मि. जादव मोलाई पायेंग (b) डॉ. टेसी थॉमस
(c) प्रो. जॉन स्ट्रेटन हाले (d) डॉ. ई. श्रीधरन

RPSC Computer Exam-2018 Date 07-10-2022

Ans. (c) : महाराणा मेवाड़ चेरिटेबल फाउंडेशन, उदयपर द्वारा कर्नल जेम्स टॉड अवार्ड 2018 प्रोफेसर जॉन स्ट्रैटन को प्रदान किया गया। प्रोफेसर जॉन स्ट्रैटन हाली को यह अवार्ड मेवाड़ की भावना और मूल्यों की समीक्षा तथा उनके उत्कृष्ट कार्यो के लिए प्रदान किया गया। इस अन्तर्राष्ट्रीय पुरस्कार में एक औपचारिक शाल, एक तोरण पट्टिका, एक प्रशस्ति पत्र तथा 2,11,001 रू. नकद प्रदान किये जाते हैं।

226. शोभालाल गुप्त द्वारा किस स्थान पर हरिजन एवं भीलों के विकास हेतु एक आश्रम की स्थापना की गई?

(a) बांसवाड़ा (b) अलवर
(c) वर्धा (d) सागवाड़ा

कनिष्ठ लिपिक अभियन्ता 18-05-2022

Ans. (d) : शोभालाल गुप्ता ने 'सागवाड़ा' नामक स्थान पर हरिजन एवं भीलों के विकास हेतु एक आश्रम की स्थापना की और माणिक्य लाल वर्मा ने सागवाड़ा में खड़लाई आश्रम की स्थापना की। अतः विकल्प (d) सही है।

227. ऊपरमाल पंच बोर्ड का गठन किया था-

(a) साधु सीताराम दास ने (b) मन्ना पटेल ने
(c) मोतीलाल तेजावत ने (d) विजय सिंह पथिक ने

कनिष्ठ लिपिक अभियन्ता 18-05-2022